Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 7

# SS–21–Hindi Lit. (D & D)

## उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2025

## हिंदी साहित्य

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

यहाँ से काटिए

## खण्ड – 'अ'

1) वैकल्पिक प्रश्न : [2 × 1 = 2]

i) मीडिया की भाषा में खबर को कहाँ जाता है –

(अ) स्क्रिप्ट

(ब) स्टोरी

(स) मीडिया

(द) ब्लाग

ii) सबसे पहले कोई बड़ी खबर तत्काल दर्शकों तक पहुँचाई जाती है, वह कहलाती है –

(अ) एंकर बाइट

(ब) ड्राई एंकर

(स) ब्रेकिंग न्यूज

(द) फोन–इन

2) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। [2 × 1 = 2]

i) समाचार लेखन करने वाले को ............... कहते हैं।

ii) खबर लिखते हुए इन ............ ककारों को ही ध्यान में रखा जाता है।

3) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [2 × 2 = 4]

i) फीचर की परिभाषा लिखिए।

ii) विशेष लेखन में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

iii) इंटरनेट पर एक टिप्पणी लिखिए।

4) इनमें से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [4]

i) पर्यावरण प्रदूषण

ii) मेरा प्रिय खेल

iii) सोशल मीडिया का जीवन पर प्रभाव

iv) रंगीला राजस्थान

## खण्ड – 'ब'

5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक में लिखिए – [3 × 1 = 3]

i) उत्साह के भावों को जाग्रत करने वाला काव्य गुण है –

(अ) प्रसाद गुण

(ब) माधुर्य गुण

(स) ओज गुण

(द) कोई नहीं

ii) किस छंद के प्रत्येक चरण में 26 मात्राएँ होती है –

(अ) हरिगीतिका

(ब) गीतिका

(स) दोहा

(द) छप्पय

iii) छंद के पढ़ने की लय का नाम है –

(अ) यति

(ब) वर्ण

(स) गति

(द) मात्रा

6) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – [3 × 1 = 3]

i) काव्य दोष काव्य रस में ................ उत्पन्न करते हैं।

ii) छप्पय छंद ............. और उल्लाला छंदों के मेल से बनता है।

iii) जिन छंदों में वर्णो को गिना जाता है, उन्हें ............. छंद कहते हैं।

7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [5 × 2 = 10]

i) मात्रिक और वर्णिक छंदों में अंतर लिखिए।

ii) अलंकार की परिभाषा एवं प्रकार लिखिए।

iii) अन्योक्ति अलंकार का उदाहरण लिखिए।

iv) "बिनु पद चले, सुने बिनु काना" पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम एवं लक्षण लिखिए।

v) कविता में अलंकार का क्या महत्त्व है लिखिए।

## खण्ड – 'स'

**8)** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[5]**

हिमालय किधर है?

मैंने उस बच्चे से पूछा जो स्कूल के बाहर पतंग उडा रहा था

उधर–उधर उसने कहा

जिधर उसकी पतंग भागी जा रही थी

मैं स्वीकार करूँ, मैंने पहली बार जाना

हिमालय किधर है !

i) कवि ने किससे पूछा हिमालय किधर है? **[1½]**

ii) बच्चे ने हिमालय किधर बताया? **[1½]**

iii) बच्चे क्या कर रहे थे? **[1]**

iv) लेखक क्या स्वीकार कर रहा है? **[1]**

**9)** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[5]**

विकास का यह 'उजला' पहलू अपने पीछे कितने व्यापक पैमाने पर विनाश का अंधेरा लेकर आया था। हम उसका छोटा सा जायजा लेने दिल्ली में स्थित 'लोकायन' संस्था की ओर से सिंगरोली गए थे। सिंगरोली जाने से पहले मेरे मन में इस तरह का कोई सुखद भ्रम नहीं था कि औद्योगिकीकरण का चक्का जो स्वतंत्रता के बाद चलाया गया, उसे रोका जा सकता है। शायद पैंतीस वर्ष पहले हम कोई दूसरा विकल्प चुन सकते थे जिसमें मानव सुख की कसौटी भौतिक लिप्सा न होकर जीवन की जरुरतों द्वारा निर्धारित होती।

i) विकास का 'उजला' पहलू क्या लेकर आया और कैसे? **[1½]**

ii) लेखक के मन में क्या भ्रम नहीं था? **[1½]**

iii) मानव सुख की कसौटी किसके द्वारा निर्धारित होती? **[1]**

iv) लेखक 'लोकायन' संस्था की ओर से कहाँ गए? **[1]**

**10)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक में दीजिए – **[7 × 1 = 7]**

i) देवसेना का गीत लिया गया है –

(अ) स्कंदगुप्त नाटक से

(ब) चंद्रगुप्त नाटक से

(स) अजातशत्रु नाटक से

(द) विशाख नाटक से

ii) सागर और बूँद प्रतीक है

(अ) समष्टि और व्यष्टि का

(ब) नदी और तालाब का

(स) जीवन और मृत्यु का

(द) सुख और दुख का

iii) 'भरत–राम का प्रेम' पद्यांश किस रचना से लिए गए है।

(अ) कवितावली

(ब) गीतावली

(स) रामचरित मानस

(द) विनयपत्रिका

iv) 'बारहमासा' पाठ के कवि है –

(अ) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(ब) मलिक मोहम्मद जायसी

(स) घनानंद

(द) विद्यापति

v) 'बालक बच गया' लघु निबंध किससे संबंधित है?

(अ) कच्चा चिट्ठा

(ब) सुमुरिनी के मनके

(स) संवदिया

(द) कुटज

vi) संवदिया का नाम था ।

(अ) हरगोबिन

(ब) संभव

(स) निर्मल वर्मा

(द) प्रेमधन

vii) 'दूसरा देवदास' पाठ लिखा है –

(अ) असगर वजाहत ने

(ब) केदारनाथ सिंह ने

(स) ममता कालिया ने

(द) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

11) समवयस्क हिंदी प्रेमियों की मंडली में कौन–कौनसे लेखक मुख्य थे? प्रेमधन की छाया स्मृति पाठ के आधार पर लिखिए । **[3]**

12) घनानंद वियोग के कवि है । संक्षेप में लिखिए । **[3]**

13) कुटज का शाब्दिक अर्थ बताइए । **[3]**

14) 'वसंत आया' कविता में कवि की मुख्य चिंता क्या है? **[3]**

15) लेखक सेवाग्राम कब और क्यों गया? **[3]**

## खण्ड – 'द'

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **[4 × 3 = 12]**

16) भैरों ने सूरदास की झोंपड़ी को क्यों जलाया?

17) ''खेल में रोते हो ।'' घीसू के इस वाक्य का सूरदास पर क्या प्रभाव पडा?

18) भसीण क्या है? इसके उपयोग लिखिए ।

19) नदियों ने सभ्यता को किस प्रकार जन्म दिया?

20) लेखक के अनुसार खाऊ–उजाडू सभ्यता के क्या दुष्परिणाम है?

21) ''प्रकृति सजीव नारी बन गई है ।'' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड – 'य'

22) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [4 × 1 = 4]

सद्ग्रंथ मानव जीवन की अमूल्य निधि है। इस निधि की समानता में समाज के पास अन्य कोई सम्पति नहीं। मानव अपने जीवन के लिए जो कुछ भी उत्तम की प्राप्ति करता है, उसमें सद्ग्रंथो का ही विशेष योगदान है। उत्तम ग्रंथ पुस्तकालय की शोभा मात्र ही नहीं वरन् मानवीय गुणों के विकास में भी ये प्रमुख भूमिका निभाते है। आप किसी भी विषय की अच्छी पुस्तक लीजिए वह आपके ज्ञान में वृद्धि करेगी और आपकी चिर–पिपासा शांत कर सकेगी।

i) उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii) मनुष्य के जीवन में सद्ग्रंथों का क्या महत्व है?

iii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(अ) समानता

(ब) शांत

iv) अच्छी पुस्तक का आपके जीवन में क्या प्रभाव रहेगा?

23) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [4 × 1 = 4]

प्रकृति के यौवन का श्रृंगार
करेंगे कभी न बासी फूल
मिलेंगे वे जाकर अतिशीघ्र
आह ! उत्सुक है उनकी धूल
पुरातनता का यह र्निमोक
सहन करती न प्रकृति एक पल;
नित्य नूतनता का आनंद
किये है परिवर्तन में टेक

i) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii) 'फूल' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

iii) प्रकृति का श्रृंगार कौन नहीं कर सकते है?

iv) परिवर्तन का क्या प्रभाव रहता है?

◆ ◆ ◆

DO NOT WRITE ANYTHING HERE